संख्या-2050सी0एस0ओ0/26-3-97-4135/97

प्रेषक,

मोहन स्वरूप
विशेष सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण विभाग,
लखनऊ।

समाज कल्याण अनु0-3          लखनऊ: दिनांक 15 जुलाई, 1997

विषय:- छत्रपति श्री शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ के लिये पदों का सृजन एवं संस्था के संचालनार्थ धनराशि की स्वीकृति विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके अर्धशासकीय पत्र सं0318/सक/विकास/97-98 दिनांक 30.5.97 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि छत्रपति श्री साहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के लिये महामहिम श्री राज्यपाल निम्नलिखित विभिन्न कोटि के 27 अस्थायी पदों, जिनका वेतनमान उनके सम्मुख अंकित है, के शासनादेश निर्गत होने की तिथि से अथवा भरे जाने की तिथि से दिनांक 28.02.1998 तक सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन पद धारकों को वेतन के अतिरिक्त शासन द्वारा समय समय पर स्वीकृत अन्य भत्ते जो नियमानुसार देय हों, अनुमन्य होंगे:-

| क्रमांक पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|
| 1- निदेशक | एक | संविदा के आधार पर |
| 2- अपर निदेशक | एक | इस पद को सम्पूर्ति आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर लेकर भरा जायेगा। यदि किसी समय पूर्णकालिक निदेशक की तैनाती की जाती है तो अपर निदेशक का पद स्वतः समाप्त हो जायेगा। |
| 3- संयुक्त निदेशक | एक | 3700-125-4700-150-5000 |
| 4- उप निदेशक | एक | 3000-100-3500-125-4500 |
| 5- लेखाधिकारी | एक | 2200-75-2800-द0रो0-100-4000 |
| 6- सहायक प्रोग्रामर | एक | 2000-60-2300-द.रो.-75-3200 |
| 7- छात्रावास अधीक्षक | एक | 1600-50-2300-द.रो.-60-2660 |
| 8- लाइब्रेरियन | एक | 1350-30-1440-40-1800-द.रो.-50-2200 |
| 9-आशुलिपिक | एक | 1400-40-1600-50-2300-द.रो.-60-2600 |
| 10-आशुलिपिक | एक | 1200-30-1560-द.रो.-40-2040 |

| | | |
|---|---|---|
| 11-वरिष्ठ लिपिक | एक | 1200-30-1560-द.रो.-40-2040 |
| 12-लेखा लिपिक | एक | 1200-30-1560-द.रो.-40-2040 |
| 13-व्यवस्थापक | एक | 1400-40-1600-50-2300-द.रो.-60-2600 |
| 14-कनिष्ठ लिपिक | दो | 950-20-1150-द.रो.-25-1500 |
| 15-वाहन चालक | एक | 950-20-1150-द.रो.-25-1500 |
| 16-चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | चार | 750-12-870-द.रो.-14-940 |
| 17-माली | एक | 750-12-870-द.रो.-14-940 |
| 18-कम्पाउण्डर | एक | 775-25-1150-द.रो.-30-1660 |
| 19-एलेक्ट्रीशियन | एक | 775-12-871-द.रो.-14-1025 |
| 20-नर्सिंग असिस्टेंट | एक | 775-12-871-द.रो.-14-1025 |
| 21-चौकीदार | तीन | निजी संस्था एजेंसी से भुगतान के आधार पर व्यवस्था की जायेगी। |

2- उक्त पदों पर दो माह में होने वाला अनुमानित आवर्तक व्यय रू0 2.15 लाख,5 प्रवक्ताओं के दो माह के मानदेय के लिये रू0 0.40 लाख तथा मशीने और साज सज्जा/उपकरण एवं संलग्नक में दिये गये विवरणानुसार। के लिए रू0 5.17 लाख कुल रू0 7.72 लाख।रू0 सात लाख बहत्तर हजार मात्र। की धनराशि के व्यय की भी स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- उपर्युक्त व्यय के लिये चालू वित्तीय वर्ष 1997-98 के आय व्ययक में व्यवस्था नहीं है और चूंकि यह व्यय आवश्यक एवं अपरिहार्य है। अतः इस प्रयोजन हेतु श्री राज्यपाल राज्य आकस्मिकता निधि से रू0 7.72 लाख।रू0 सात लाख बहत्तर हजार मात्र। अग्रिम आहरित किये जाने की स्वीकृति भी प्रदान करते है।

4- उपर्युक्त व्यय प्रथमतः "8000-राज्य आकस्मिकता निधि" के नामे डाला जायेगा और अन्ततः अनुदान सं0-80 लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-277-शिक्षा-आयोजनागत-19-छत्रपति श्री साहूजी महराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ की स्थापना के अंतर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

5- उपरोक्त पदों के दिनांक 28.2.98 से आगे चलते रहने की दशा में इनकी वर्षानुवर्ष निरन्तर निदेशक,समाज कल्याण से प्रस्ताव प्राप्त होने पर शासन द्वारा जारी की जायेगी।

6- उक्त पदों को भरने के संबंध में शासन द्वारा समय समय पर जारी किये

गये आदेशों/निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा।

भवदीय,

(मोहन स्वरूप)
विशेष सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
वित्त विभाग
संख्या-ई-12/सी0एफ0-08/दस-1997
दिनांक 14 जुलाई, 1997

प्रतिलिपि महालेखाकार, लेखा प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(मधु माथुर)
अनु सचिव

संख्या-205सी0एस0(1)/26-3-97 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) कोषाधिकारी, कैसरबाग, लखनऊ
(3) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग, उ0प्र0, शासन।
(4) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12, उ0प्र0 शासन।
(5) वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
(6) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मोहन स्वरूप)
विशेष सचिव